Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to expedite construction of Railway-over-bridge at Hazaribag Road station in Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा): माननीय अध्यक्ष महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र में ग्रैंड कोर्ड रेलवे लाइन से संबंधित एक समस्या है, जिसे मैं आपके माध्यम से रेल विभाग के संज्ञान में लाना चाहता हूँ।

ग्रैंड कोर्ड रेलवे लाइन में धनबाद-गया के बीच में हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन है। यह सरिया शहर में अवस्थित है। सरिया शहर में ही रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर ओवर ब्रिज बनाने के लिए रेल विभाग ने स्वीकृति प्रदान की है। इसके लिए राज्य सरकार ने भी अपना अंशदान दे दिया है। लगातार पत्राचार करने के बाद इसकी स्वीकृति मिलने पर दो बार टेंडर हुए। पहले टेंडर में एक फर्म आया। विभाग ने दूसरी बार फिर टेंडर किया। आज विभाग कह रहा है कि वहाँ पर अतिक्रमण के कारण हम उसे बनाने की स्थिति में नहीं हैं। लेकिन, सच्चाई यह है कि स्थानीय प्रशासन ने अतिक्रमण को चिन्हित कर दिया कि यहाँ तक तोड़ना है। लेकिन, रेलवे को जो कार्य करना है, वह संवेदक के साथ कार्य -स्थल पर जाए। वहाँ की जनता अपना घर तोड़कर उनको बनाने के लिए स्थान देने को तैयार है। चूँकि यह एक ऐसा नासूर है कि हर दिन दोनों ओर हजारों रेल गाड़ियाँ खड़ी हो रही हैं और मुझे जनता को इसके लिए जवाब देना मुश्किल हो रहा है।

रेलवे विभाग के कुछ स्थानीय अधिकारियों और संवेदक की नेग्लिजेंसी के कारण, उसके नकारात्मक रवैए के कारण भारत सरकार और प्रदेश सरकार दोनों बदनाम हो रहे हैं।

वहाँ जनता तैयार है, प्रशासन तैयार है, रेलवे को इसके लिए धनराशि मिल चुकी है। वह काम शुरू करे और सरकारों को बदनामी से बचाए और जनता को सुविधा दे। मैं आपके माध्यम से विनम्रता के साथ यह आग्रह करना चाहता हूँ।

माननीय अध्यक्ष :

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री रवीन्द्र कुमार राय द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

Dr. Boora Narsaiah Goud – Not present.

Shri Ch. Malla Reddy -- Not present.